पाँच रुपये FIVE RUPEES भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES

(93)

न्यायालय श्रीमान अध्यक्ष महोदय, राजस्व मण्डल, ग्वालियर केम्प इन्दौर (म0प्र0)

निग - 626 - PBR-16

राधाबाई पिता रामाजी, जाति पटल्या,
निवासी ग्राम देलमी, तह. धार ....निगरानीकर्ता

बनाम

1. कलाबाई पिता रामाजी, जाति पटल्या,
2. गेन्दीबाई पिता रामाजी, जाति पटल्या,
3. मांगुबाई पिता रामाजी, जाति पटल्या,
4. तुलसीबाई बेवा रामाजी, जाति पटल्या,

सभी निवासी ग्राम देलमी, तह. धार ....विपक्षीगण

निगरानी आवेदन पत्र धारा 50 म0प्र0भू—राजस्व संहिता

महोदय,

विपक्षी कमांक एक, दो एवं तीन ने ग्रांम देलमी, की भुमि सर्वे नम्बर 75, 94, 210 / 1, 235 / 2, कुल सर्वे नम्बर 4, कुल रकबा 8.829 हैक्टर की भुमि पर निगरानीकर्ता का नामांतरण पंजी कमांक 3 आदेश दिनांक 13 / 11 / 2000 के द्वारा हुए नामांतरण आदेश की अपील विपक्षीगण द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धार के न्यायालय में दिनांक 12 / 01 / 2015 को कुल 15 वर्ष की अवधि के पश्चात अपील प्रस्तुत की जो अधिनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय, धार के न्यायालय में राजस्व प्रकरण कमांक 32 / अपील / 2015—16 पर दर्ज हुई होकर रेस्पाडेण्टगण का धारा 5 का अवधि विधान का आवेदन पत्र दिनांक 07 / 12 / 2015 को स्वीकार किया व निगरानीकर्ता के अभिभाषक को उक्त आदेश दिनांक 17 / 12 / 2015 को नोट करवाया व निगरानीकर्ता को आदेश 07 / 12 / 2015 की जानकारी दिनांक 15 / 02 / 2016 को दी। उक्त आदेश की जानकारी होते ही उक्त आदेश से असंतुष्ठ एवं दुखी होकर यह निगरानी निम्न आधारों पर सादर प्रस्तुत है।

17/02/2016

..........2

राधाबाई

न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश-ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक निगरानी 626-पीबीआर/16 जिला धार

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
20-11-2018	आवेदक की ओर से श्री अखिलेश शर्मा अभिभाषक एवं अनावेदक की ओर से श्री अजय श्रीवास्तव, अभिभाषक उपस्थित । आवेदक द्वारा यह निगरानी अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है । म.प्र. भू-राजस्व संहिता में दिनांक 25-9-2018 से लागू हुए संशोधन के फलस्वरूप अब नवीन संशोधित संहिता की धारा 50 सहपठित संहिता की धारा 54 (ए) के अन्तर्गत प्रकरण सुनवाई हेतु कलेक्टर को भेजा जाता है । उभय पक्ष दिनांक 23-1-2019 को कलेक्टर के समक्ष सुनवाई हेतु उपस्थित हों । अध्यक्ष	